# आयकर अपीलीय अधिकरण, इंदौर न्यायपीठ, इंदौर

श्री सिद्धार्थ नौटियाल, न्यायिक सदस्य तथा
श्री बी.एम. बियाणी, लेखा सदस्य के समक्ष
आभासी (Virtual) सुनवाई के माध्यम से

आ.अ.सं. 276/इंदौर/2018
निर्धारण वर्ष : 2012-13

| | | |
|---|---|---|
| सहायक आयकर आयुक्त 5(1), इंदौर | बनाम | मे. प्रगति डेवलपर्स, इंदौर |
| अपीलार्थी | | प्रत्यर्थी |
| स्था.ले.सं.- एएजेएफपी 7625 बी | | |

| | |
|---|---|
| अपीलार्थी की ओर से | श्री एस.एस.सोलंकी, प्राधिकृत प्रतिनिधि |
| राजस्व की ओर से | श्री अखिलेश पोरवाल, विभागीय प्रतिनिधि |
| सुनवाई तिथि | 29.08.2022 |
| उद्घोषणा तिथि | 31.08.2022 |

## आदेश

श्री बी.एम.बियाणी, लेखा सदस्य द्वारा

निर्धारण वर्ष 2012-13 से संबंधित राजस्व की उपरोक्त शीर्षक की अपील विद्वान आयकर आयुक्त (अपील)-II, इंदौर के आदेश दिनांक 11.12.2017 के विरूद्ध निदेशित है, जो कि सहायक आयकर आयुक्त-5(1), इंदौर द्वारा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 271 ई के अधीन विरचित आदेश दिनांक 15.09.2015 से उद्भूत है ।

2. सुनवाई के प्रारंभ में ही, निर्धारिती के विद्वान अधिवक्ता ने आवेदन दिनांक 26.08.2022 के द्वारा निवेदन किया कि निर्धारिती ने निर्धारण वर्ष 2012-13 के लिए “विवाद से विश्वास योजना,2020” के तहत आवेदन किया है । निर्धारिती के विद्वान अधिवक्ता द्वारा निवेदन किया गया कि चूंकि निर्धारिती ने अपेक्षित करों का भुगतान कर दिया है तथा विभाग द्वारा निर्धारिती

को फार्म सं. 5 जारी किया गया है अतः विभाग द्वारा माननीय अधिकरण के समक्ष दाखिल अपील को वापिस लिया गया माना जाए । आवेदन के साथ फार्म सं. 4 , फार्म सं. 5 तथा विवाद से विश्वास के अधीन भुगतान किए गए चालान की प्रति दाखिल की गई है । दूसरी ओर, विद्वान विभागीय प्रतिनिधि (विप्र) ने निर्धारिती के विद्वान अधिवक्ता द्वारा किए गए अनुरोध का विरोध नहीं किया है ।

3. हमने परस्पर विरोधी दावों को सुना है तथा हमारे समक्ष रखे गए अभिलेखों का अवलोकन किया है । हमने पाया कि निर्धारिती ने विवाद से विश्वास योजना, 2020 में भाग लिया है और अतः इस अपील को खारिज करने का अनुरोध किया है । विद्वान विभागीय प्रतिनिधि ने निर्धारिती के इस अनुरोध का विरोध नहीं किया है । प्रकरण के इन तथ्यों एवं परिस्थितियों के अधीन, हम एतद् द्वारा विभागीय अपील को खारिज करते है ।

4. परिणामतः, विभागीय अपील खारिज की जाती है ।

यह आदेश 31.08.2022 को आयकर अपीलीय अधिकरण नियम, 1963 के नियम 34 के अंतर्गत उद्घोषित किया गया ।

| | |
|---|---|
| हस्ता/- | हस्ता/- |
| (सिद्धार्थ नौटियाल) | (बी.एम. बियाणी) |
| न्यायिक सदस्य | लेखा सदस्य |

दिनांक : 31.08.2022

प्रतिलिपि : अपीलार्थी, प्रत्यर्थी, आयकर आयुक्त (अपील), आयकर आयुक्त, विभागीय प्रतिनिधि, गार्ड फ़ाइल